भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2431
उत्तर देने की तारीख-15/12/2025

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद में रिक्त पद

†2431**. श्रीमती बाग मिताली:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) में आरक्षित पदों सहित स्वीकृत और रिक्त पदों की श्रेणी-वार संख्या कितनी है;
(ख) वर्ष 2014 से अब तक रिक्त पदों को भरने के लिए उनमें प्रतिनियुक्ति और संविदा के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों की वर्ष-वार संख्या कितनी है; और
(ग) वर्ष 2014 से अब तक उनमें आरक्षित पदों सहित भर्ती किए गए स्थायी कर्मचारियों की श्रेणी-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग): राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) में कुल 123 संस्वीकृत पद हैं, जिनमें से वर्तमान में 50 नियमित पद रिक्त हैं। आरक्षित रिक्त पदों का श्रेणी-वार ब्यौरा है: एससी-13, एसटी-5 और ओबीसी-14.

वर्ष 2014 से रिक्त पदों को भरने के लिए प्रतिनियुक्ति और संविदा आधार पर कार्यरत कर्मचारियों की वर्षवार संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	**2014**	**2015**	**2016**	**2017**	**2018**	**2019**	**2020**	**2021**	**2022**	**2023**	**2024**	**2025**
कार्यरत कर्मचारियों की संख्या (प्रतिनियुक्ति/संविदात्मक)	-	01	01	-	01	05	-	02	03	01	02	06

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने एनसीटीई से प्रत्येक स्तर पर कर्मचारियों की आवश्यक संख्या का आकलन करने और संगठन में मिशन भर्ती के कार्यान्वयन के संबंध में विचार करने का अनुरोध किया था। उपरोक्त सूचना के अनुसरण में, एनसीटीई ने कर्मचारियों की आवश्यक संख्या का आकलन कार्य पूरा कर लिया है।

*****